कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, राजनांदगांव (छ०ग०)

// निविदा जारी करने की सूचना //

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 2065/ 2025 राजनांदगांव दिनांक 19 अगस्त 2025

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, राजनांदगांव के जिला मुख्यालय के ग्रंथालय अनुभाग में लेखन सामाग्री ए-4 जे०के०रेड 75 जी०एस०एम०, एफ 0 एस०पेपर जे०के०रेड 75 जी०एस०एम०, जजमेंट पेपर सिरपुर लेजर 90 जी०एस०एम०, टोनर काट्रेज एच०पी०लेजर जेट प्रो एम 202 डी डब्लू, टोनर काट्रेज एच०पी० 4004 क्रय किया जाना है,जिसके लिये अलग-अलग निविदा जारी किया जाना है। जिसका विवरण निम्नानुसार है ।

Table-A

Sl No.	Description	Unit
01	Approved make Paper A-4 J K Red 75 GSM (Make- J K Paper	750 Rim Approx
02	Approved Make Paper F S J K Red 75 GSM (Make- J K Paper)	700 Rim Approx
03	Judgement Paper Sirpur Leger 90 GSM (Make- J K Paper)	220 Rim Approx

Table-B

01	Toner Cartridge Compatible for HP Laser Jet Pro M202 DW	550 Nos Approx
02	Toner Cartridge Compatible HP Laser Jet Pro 4004	100 Nos Approx

अतः ए–4 जे०के० रेड 75 जी०एस०एम०, एफ०एस०पेपर 75 जी०एस०एम, जजमेंट पेपर सिरपुर लेजर 90 जी०एस०एम०, टोनर काट्रेज एच०पी०लेजर जेट प्रो एम 202 डी डब्लू, टोनर काट्रेज एच०पी० लेजर जेट प्रो० 4004 प्रदाय किये जाने हेतु मुहरबंद अलग–अलग निविदाएं निम्नांकित शर्तो के अधीन आमंत्रित की जाती हैः–

निविदा की शर्तें एवं नियम निम्नानुसार हैः–

01. निविदा में उपरोक्त क्रय किये जाने वाली प्रत्येक लेखन सामाग्री की कीमत की राशि जी०एस०टी सहित कुल आवश्यक युनिट की राशि के योग सहित प्रस्तावित किया जावे । परिवहन, पैकेजिंग या हैण्डलिंग के मद में कोई अतिरिक्त राशि देय नहीं होगा । निविदा में प्रोफार्मानुसार राशि उल्लेखित किया जाना आवश्यक हैः–

तालिका क्रमांक 01

क्र०	विवरण	राशि प्रति रिम	जी० एस० टी०	योग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	ए–4 पेपर जे०के०रेड 75 जी०एस०एम०			
2.	एफ०एस०पेपर जे०के०रेड 75 जी०एस०एम०			
3.	जजमेंट पेपर सिरपुर लेजर 90 जी०एस०एम			

कुल योग

तालिका क्रमांक 02

क्र०	विवरण	राशि प्रति नग	जी० एस० टी०	योग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	टोनर काट्रेज एच०पी०लेजर जेट प्रो एम 202 डी डब्लू			
2.	टोनर काट्रेज एच०पी०लेजर जेट प्रो एम 4004 डी डब्लू			

कुल योग

(नोटः– उपलब्ध बजट आबंटन के आधार पर उपरोक्त लेखन सामाग्री क्रय की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता)

02. न्यूनतम दर पर प्रदाय करने वाली फर्म को प्राथमिकता दी जा सकेगी । यह निविदा 1 वर्ष हेतु होगी ।

03. निविदाकार फर्म का कार्यालय/रायपुर /दुर्ग / राजनांदगांव अथवा समीपवर्ती जिले में संचालित हो । (निविदाकार फर्म निविदा प्रपत्र में अपने कार्यालय का नाम, प्रोप्राईटर का नाम, ई–मेल आई डी एवं मोबाईल नंबर आवययक रुप से अंकित करेंगें ।

04. प्रत्येक निविदाकार को अमानत राशि (EMD) के रुप में पन्द्रह हजार रुपये (15000/–) अदा किये जाना होगा । यह अमानत राशि सफल निविदाकार के अतिरिक्त अन्य निविदाकार को 15 दिवस में वापसी योग्य होगी ।

05. यह अमानत राशि/सुरक्षा निधि नगद जमा नहीं लिया जावेगा । यह राशि केवल भारतीय स्टेट बैंक या अनुसूचित बैंको के डिमांड ड्राप्ट के माध्यम से राशि जमा की जा सकेगी । डिमांड ड्राप्ट Principal District And Seesion Judge Rajnandgaon के नाम पर बनवाया जावे।

06. यह अमानत राशि सुरक्षा निधि सामग्री प्रदाय किये जाने एवं उसके संस्थापन उपरांत कार्य संतोषप्रद पाये जाने के उपरांत वापसी योग्य होगी ।

07. सफल निविदाकार फर्म को क्रय आदेश जारी किये जाने के उपरांत 07 कार्य दिवस के भीतर सामग्री प्रदाय किया जाना आवश्यक होगा । परिवहन, पैकेजिंग या हैण्डलिंग के मद में निविदात्मक दर के अतिरिक्त कोई राशि देय नहीं होगा ।

08. निविदा रजिस्टर्ड पोस्ट (एडी) अथवा स्पीड पोस्ट अथवा पी एण्ड टी विभाग से अधिकृत कोरियर के माध्यम से प्रधान जिला न्यायालय भवन परिसर के मुख्य द्वार के समीप रखे गये टेंडर बॉक्स में व्यक्तिगत रुप से निर्धारित अंतिम तिथि के अंतिम समय तक डाला जा सकता है, जिसे यथाशीघ्र खोला जावेगा ।

09. बंद लिफाफे/रजिस्टर्ड लिफाफे के उपर **"लेखन सामाग्री हेतु निविदा प्रस्ताव "** स्पष्ट रुप से लिखा जाना आवश्यक है ।

10. निविदा आवेदन–पत्र व निविदा की शर्तें कार्यालय के बेबसाईट www.rajnandgaon.dcourts.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते है ।

11. वाणिज्य कर विभाग / जी0एस0टी0 का जीवंत पंजीयन प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक है ।

12. प्रदाय की गई सामाग्री निर्धारित मानक स्तर एवं निविदा सूचना में दर्शित प्रकार की होना आवश्यक होगी । यदि प्रदाय की गई सामग्री में किसी प्रकार की कमी/खराबी पायी जाती है तो कार्यालय द्वारा उक्त सामग्री को किसी भी समय लौटायी जा सकेगी तथा निविदाकार को खराब सामग्री के स्थान पर दूसरी नयी सामग्री प्रदाय करना होगा ।

13. संबंधित फर्म/संस्थान द्वारा सामग्री विक्रय करने के अधिकृत होने के संबंध में आवश्यक दस्तावेज/प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

14. निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदा प्रपत्रो, ई मेल से प्रेषित निविदा अथवा खुले लिफाफे में प्रेषित निविदा स्वीकार योग्य नहीं होगी । निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि 22.09.2025 को शाम 5.00 बजे तक निर्धारित समय के दूसरे दिन दिनांक 23.09.2025 के सुबह 10.30 बंजे क्रय समिति के सदस्यों एवं निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति अथवा अनुपस्थितियों में निविदा में निविदा खोली जावेगी ।

15. किसी भी निविदाकार के द्वारा प्रस्तुत किये गये किसी भी निविदा प्रस्ताव में किसी शर्त का उल्लघन होने अथवा आदेश का पालन नहीं किये जाने पर या अन्य कोई अनियमितता पाये पर उक्त निविदा प्रस्ताव को निरस्त किये जाने का अंतिम अधिकार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय, राजनांदगांव एवं क्रय समिति को होगा ।

19/08/25

अध्यक्ष
प्रशासनिक क्रय समिति
कार्या–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
राजनांदगांव (छ०ग०)